दिनांक - 24/07/2024 को कोतवाली डालनवाला ने वाहन चोरी की किया खुलासा, घटना को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

गिरफ्तार दोनो अभियुक्त पूर्व में भी चोरी व लूट की घटना में भी जा चुके है जेल

दिनांक 14-07-2024 को वादी नंदलाल पाल पुत्र राम जीवन पाल, निवासी 84 नेमी रोड, डालनवाला, देहरादून ने थाना डालनवाला पर आकर प्रा0पत्र दिया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर के बाहर नेमी रोड से उनकी मोटरसाइकिल संख्या यू०के०-07 बीपी-1006 स्प्लेंडर प्लस चोरी कर ली है, प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना डालनवाला पर तत्काल मु०अ०सं०- 154/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

घटना के अनावरण हेतु एसएसपी देहरादून के निर्देशों पर प्रभारी निरीक्षक डालनवाला द्वारा तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास आने-जाने वाले मार्गो के सी0सी0टी0वी0 कैमरो को चैक किया गया तथा संदिग्धता के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ की गयी तथा दिनांक 23.07.02024 को चैकिंग के दौरान बलबीर रोड पुल के पास से घटना को अजांम देने वाले 02 अभियुक्तो (1) मुशर्रफ पुत्र इकबाल (2) मोहम्मद मिंटू पुत्र इलियास को चोरी की गई मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया कि वह नशे के आदी हैं, नशे की पूर्ति के लिये उनके द्वारा वाहन चोरी की घटना को अजांम दिया था। अभियुक्त पूर्व में भी चोरी व लूट की घटना में जेल जा चुके है।

नाम/पता अभियुक्त :-

(1) मुशर्रफ पुत्र इकबाल निवासीजी जैन प्लॉट, थाना रायपुर, जनपद देहरादून उम्र 25 वर्ष,

(2) अभियुक्त मोहम्मद मिंटू पुत्र इलियास निवासी- जैन प्लॉट, थाना रायपुर, जनपद देहरादून उम्र 29 वर्ष

बरामदगी :-

मोटर साइकिल सं0- यू0के0-07 बीपी-1006 स्प्लेंडर प्लस

आपराधिक इतिहास:

01: मु0अ0सं0: 538/22 धारा: 379, 411 भा0द0वि0 थाना रायपुर , देहरादून

02: मु0अ0सं0: 128/23 धारा 392 भा0द0वि0 थाना डालनवाला, देहरादून

पुलिस टीम :-

1- उ0नि0 दीपक द्विवेदी, चौकी प्रभारी आराघर,

2- का0 विजय सिंह,

3- का0 आदित्य राठी,

कोतवाली डालनवाला
जनपद देहरादून (उत्तराखण्ड)
दूरभाष: 0135-2716218, 9411112814